हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार 20 मई 2024

13 सामाजिक पंचायत में लोगों ने की जमीन को यथावत रखने की गुजारिश



12 गर्मी के तेवर तल्ख, सड़कें रही सुनसान




# R.E.D. GROUP OF SCHOOLS
CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI
(AFFILIATED WITH CBSE, NEW DELHI)

## Congratulations
### Outstanding Results 2023-24

Jhajjar Distt. Topper, Class XII, Science Stream — Payal - 98.4%
Jhajjar Distt. Topper, Class XII, Commerce Stream — Vahini - 97.6%
Jhajjar Distt. 2nd Topper, Class X — Aadhar - 98.2%
Charkhi Dadri Distt. 2nd Topper, Class X — Mansi - 98.0%

## Achievers of 12th Board Result (2023-24)

100% Result
06 Students 95% & Above; 82 Students 85% & Above; 41 Students 90% & Above; 123 Students 80% & Above; 275 Students Total Merits

Science: PAYAL 98.4%, ANSHIKA 95.6%, NEHA 94.4%, AASHMA 94.2%, MUSKAN 94.2%, UJJWAL 94.2%, NISHANT 94.0%, RASHMI 93.8%, TANVI 93.8%, SAHIL 93.4%, AKSHITA 93.0%, ANSHU 93.0%, RAJITA 92.8%, GITANJALI 92.6%, VINAY 92.6%, SANIA 92.2%, MONIKA 92.0%, ANJALI 91.4%, VINIT 91.2%, HIMANSHI 90.8%, AKANSHA 90.4%, KHUSHI 90.4%, SIMRAN 90.4%, MAYUR 90.2%, RIYA 90.0%, POOJA 90.0%, SUNNY 89.6%, SIMRAN 89.6%

Commerce: VAHINI 97.6%, SAUMYA 96.0%, TUSHAR 95.8%, PALAK 92.8%

Arts: HIMANI 94.8%, HARSHITA 94.4%, PRACHI 94.4%, NANCY 92.0%, MANISHA 91.8%, NIKITA 90.6%, ANURADHA 89.6%, DEEKSHA 89.6%, RITIK 89.6%

### CLASS XII - SUBJECTWISE HIGHEST MARKS

| SUBJECT | HIGHEST MARKS | SUBJECT | HIGHEST MARKS | SUBJECT | HIGHEST MARKS | SUBJECT | HIGHEST MARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Chemistry | 100 | Maths | 96 | English | 100 | Geo. | 99 |
| Biology | 100 | Economics | 98 | Pol. Sc. | 100 | Phy. Edu. | 99 |
| Physics | 98 | Accounts | 97 | Business Stu. | 99 | Computer Sc. | 98 |

## Achievers of 10th Board Result (2023-24)

100% Result
52 Students 95% & Above; 128 Students 90% & Above; 193 Students 85% & Above; 260 Students 80% & Above; 394 Students Total Merits

AADHAR 98.2%, NISHU 98.0%, MANSI 98.0%, ANURAG 97.8%, HARDIK 97.6%, JASMINE 97.6%, YASH 97.6%, AADIL 97.2%, PRIYANSHI 97.2%, KHUSHI 97.0%, SUBHAM 97.0%, NAMAN 97.0%, AMIT 97.0%, YASHIKA 97.0%, PRIYANSHI 96.8%, ANJALI 96.6%, RIYA 96.6%, YASHVARDHAN 96.6%, HIMANSHI 96.6%, LAVYA 96.6%, EKTA 96.4%, ANIKA 96.4%, YOGITA 96.4%, PRIYANSHI 96.4%, AADI 96.2%, BHAVI 96.2%, ARSHIYA 96.2%, DISHA 96.2%, PARAG 96.2%, YUVRAJ 96.0%, NIKHIL 96.0%, KHUSHMAY 95.8%, RAJAT 95.8%, VISHESH 95.8%, HARSHIT 95.8%, SHRISANT 95.6%, NIKITA 95.4%, VANSHIKA 95.4%, DHANANJAY 95.4%, AADITYA 95.4%, RAJAT 95.4%, RHYDAM 95.4%, ROHIT 95.2%, ANSHUL 95.2%, NAVYA 95.2%, MOHIT 95.0%, AADITYA 94.6%, GOURAV 94.6%, ROHIT 94.6%, YASH 94.6%, PALLAVI 94.6%, PRIYA 94.6%

### CLASS X - SUBJECTWISE HIGHEST MARKS

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Maths - 100 | S.St.- 100 | IT- 100 | Science - 99 | English - 98 | Hindi - 98 |

For Online Registration visit : www.redschools.org Contact us : 9992114101 (Chhuchhakwas), 9992600417 (Jhajjar), 9992113926 (Dadri)

REGISTRATION OPEN (For Classes : Nur. to 9th & 11th)

SPECIAL CLASSES FOR : IIT-JEE | NEET | NDA | NTSE | VVM

Hostel Facilities For Boys And Girls At Chhuchhakwas Branch

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सहित एक युवक को काबू किया है। बेरी-बहादुरगढ़ मार्ग पर केएमपी पुल के निकट से पड़े गए आरोपी की पहचान तकदीर के रूप में हुई है। आरोपी मांडोठी का रहने वाला है। उसके पास देशी पिस्तौल बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज हुआ है। पूछताछ जारी है।

### मंदिर के पास से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहनों की चोरी नहीं थम रही। अब गांव आसौदा में चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। आसौदा के निवासी राकेश का कहना है कि गत 17 मई को वह दादा बूढ़ा मंदिर के नजदीक गया था। वहां बाइक खड़ी कर दी। कुछ देर बाद आया तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर अब तक तलाश करता रहा लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। वहीं, आसौदा पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### नशीला पदार्थ देने के आरोप में गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने नशीला पदार्थ गांजा मुहैया कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नारकोटिक सेल ने 17 मई को एक आरोपी को गांजे के साथ गिरफ्तार करने के बाद उसके साथ पूछताछ शुरू की थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने योगेश उर्फ टकला निवासी अर्जुन नगर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 109 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

### मारपीट के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** मीरपुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 9 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मीरपुर निवासी शकुंतला व रीना को इस केस में गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** गूगोढ़ में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष के बयान पर पुलिस ने 29 अप्रैल को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने सुरेश और उसकी पत्नी वर्षा को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने गढ़ी में रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रणधीर को भी गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने अवैध शराब के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर ने सूचना दी थी कि गोकलगढ़ निवासी मनिंद्र उर्फ पिंटर गांव के श्मशान घाट वाले रास्ते पर अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर उसे काबू कर लिया।

# बीआरजी के धावकों ने कैंसर के प्रति लोगों को किया जागरुक

## वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर-डे के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ बीआरजी के 80 धावकों ने 21 किलोमीटर दौड़ लगाकर स्वस्थ रहने की अपील की

रविवार को बहादुरगढ़ व गुरुग्राम समेत दुनिया के 25 शहरों में वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर-डे के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। बीआरजी के 80 धावकों ने 21 किलोमीटर दौड़ लगाकर स्वस्थ रहने की अपील की। दीपक छिल्लर ने बताया कि 5 साल पहले एबीसीडी टीम ने आईआईईएमआर द्वारा यह जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

बीआरजी के दीपक छिल्लर को बहादुरगढ़, डॉ. किरण छिल्लर को गुरुग्राम और डॉ. इमरोज को दिल्ली के लिए अंबेस्डर बनाया गया। मेदांता हॉस्पिटल से स्पेशलिस्ट डॉ. विकास सिंगला ने बताया कि 20 से 50 साल की आयु में यह बीमारी बहुत तेजी से फैल रही है। ध्यान नहीं देने पर यह जल्द ही एडवांस स्टेज में पहुंच जाता है। पेट दर्द, बुखार, पेट में पानी भरना, मुंह से खून आना आदि लक्षणों को नजर अंदाज ना करें। इलाज के दो से तीन हफ्ते में यदि लक्षण ठीक ना हो तो यह कैंसर की दस्तक हो सकती है। इसका उचित इलाज करवाना जरूरी है। गुरुग्राम में बीआरजी की मुन्नी देवी ने 65 प्लस आयुवर्ग में पहला स्थान हासिल किया। ईशवंती देवी को गेस्ट आफ ऑनर के रूप में सम्मानित किया गया। गुलाब सिह ने दौड़ में पहला स्थान हासिल किया।



बहादुरगढ़। सेक्टर-9 में दौड़ लगाते बीआरजी के धावक।

### इन्होंने लगाई दौड़

बहादुरगढ़ में जगदीश राठी, सुचेत शौकीन, गुलशन, विजय सिंह, ब्रह्मप्रकाश मान, आरके मोर, प्रवीन सांगवान, भोजराज टाक, गुलाब सिंह, निकुंज, विनीत सिंह, अंगद सिंह, निरंजन, नवीन राणा, नवनीत सिंह, पुष्कर, सरनाम, जसवीर जून, अनिल, पवन पंजेठा, अजय कंडोला, सुनील कश्यप, अनुराग सचान, आशीष कुमार, राकेश, तुषार, सुनील, रमेश शर्मा, संदीप शर्मा, तरूण चंदेल, मुकेश दहिया, धर्मवीर, जयदेव राठी, पवन गौतम, नितिन अत्री, बिजय सिंह, धर्मवीर, नरेश शर्मा, सत्यवान मलिक, अमनदीप, मनीष गोदारा, शिव कुमार, जगजीत राठी, शिव, नमित, विकास छिल्लर, नीरज दलाल, बलजीत व प्रिंस आदि ने दौड़ लगाई।

# केएमपी पर हादसे में कैंटर चालक की मौत



बहादुरगढ़। केएमपी पर पलटा चंदन का कैंटर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ डाबोदा के पास हुआ हादसा, वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया

गांव डाबोदा के पास दर्दनाक हादसा हो गया। यहां किसी गाड़ी की टक्कर लगने के बाद कैंटर पलट गया। हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। एचएल सिटी चौकी पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

मृतक की पहचान करीब 32 वर्षीय चंदन के रूप में हुई है। मूल रूप से बिहार के गया जिले का रहने वाला था। पेशे से चालक था। फिलहाल करीब दो साल से दिल्ली के बवाना में स्थित एक कंपनी की गाड़ी चलाता था। शनिवार को गाड़ी में माल भरकर केएमपी के रास्ते राजस्थान जा रहा था। जब गांव डाबोदा में पहुंचा तो किसी वाहन के साथ उसके कैंटर की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कैंटर पलट गया और उसे गंभीर चोट आई। राहगीरों ने उसे संभाला और बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने पहचान के प्रयास किए और मृतक चंदन के परिजनों से संपर्क हुआ। रविवार को छोटे भाई मुरारी के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। मुरारी की शिकायत पर फिलहाल एचएल सिटी चौकी पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी का पता लगाने के लिए पुलिस केएमपी पर लगे सीसीटीवी चेक करेगी।

# सार्थक परिवार ने बालौर मोड़ पर छबील लगाकर लोगों की बुझाई प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ समिति अध्यक्ष नफे सिंह कपूर ने सभी को सार्थकता की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया

सार्थक सेवा समिति के सदस्यों ने नजफगढ़ रोड के बालौर मोड़ पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। उन्होंने आते-जाते प्यासे लोगों की प्यास बुझाई। समिति अध्यक्ष नफे सिंह कपूर ने सभी को सार्थकता की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम में सार्थक पब्लिक लाइब्रेरी के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया।

इस दौरान एसएम पाल, आरके वशिष्ठ, एमपी रोहिल्ला, हरिचंद रोझा, विरेंद्र रोहिल्ला, जगदीश दलाल, महाबीर जांगड़ा, आरके सुनामी, गौरव अरोड़ा, प्रभात कपूर, धर्मबीर सैनी, कर्नल अनिल जून, ओमप्रकाश शर्मा, डीसी तूर, रामानंद शर्मा, रविंद्र पांचाल, मुदित टुटेजा, राजबाला, अंजू गुप्ता, फूलकुमारी, सुदेश संदूजा, वियान, प्राणवी और अदव्य आदि ने उपस्थित रहकर सेवा की।



बहादुरगढ़। छबील लगाकर जलसेवा करते समिति सदस्य।

# सिलानी गेट क्षेत्र में बाइक चोरी

■ बाइक दुकान के सामने खड़ी की थी कुछ देर बाद देखा तो वहां नहीं थी

**झज्जर :** सिलानी गेट क्षेत्र में एक किरयाणा स्टोर के सामने खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में हसनपुर निवासी राजकुमार पुत्र जगदीशचंद ने बताया कि उसने सिलानी गेट स्थित गुरुग्राम रोड पर किरयाणा स्टोर खोल रखा है। बीती 18 मई को उसने अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ी की थी। वह दुकान में अपने काम में व्यस्त था। बाद में जब कई देर बाद उसका ध्यान बाइक की ओर गया तो वह चोरी हो चुकी थी। उसने अपने स्तर पर आस पड़ोस के लोगों से पता भी किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कैंप में 185 लोगों ने करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ प्रत्येक मरीज को दर्द निवारक जैल वितरित की गई साथ ही उचित परामर्श भी दिया गया

ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में रविवार को घुटना रिप्लेसमेंट जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 185 लोगों ने जांच करवाई। कैंप में फ्री जांच के साथ बी ए म डी , आ र बी ए स एक्स-रे के अलावा प्रत्येक मरीज को दर्द निवारक जैल वितरित की गई। साथ ही उचित परामर्श भी दिया गया।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अजय दुबे के अनुसार शिविर में आए अधिकतर लोगों में कैल्शियम की कमी पाई गई। कुछ मरीजों के घुटने व कुल्हे घिसे हुए मिले। उन्होंने कैल्शियम की कमी वाले मरीजों को समय पर दवाई और पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी। घुटने व कुल्हे घिसे हुए मरीजों को इन्हें बदलवाने की सलाह दी। उन्होंने नियमित व्यायाम करने व मोटापे को नियंत्रित करने की सलाह भी दी। उन्होंने घुटनों की बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को उठने व बैठने की सही मुद्रा के बारे में भी बताया। अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि घुटनों में दर्द बढ़ने पर उसे लंबा नहीं खींचना चाहिए, बल्कि विशेषज्ञ डाक्टरों को दिखाकर उचित परामर्श लेना चाहिए। कैंप में सत्येंद्र दहिया, विरेंद्र मास्टर, संजीव मास्टर व अजय का विशेष सहयोग रहा।



बहादुरगढ़। जांच के साथ ही मरीजों को परामर्श देते डॉ. अजय दुबे।

# वैश्य आर्य शिक्षण महिला कॉलेज में मतदान जागरुकता अभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में एक सप्ताह से चल रहे मतदान जागरूकता अभियान का रविवार को समापन हो गया। स्वयंसेविकाओं ने अपने हाथ की छाप लगाकर अभियान को खत्म किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है।

मतदान राजनेताओं को उनके कार्यो के प्रति जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है।



बहादुरगढ़। समापन कार्यक्रम में हाथ की छाप लगाती स्वयंसेविकाएं।

# बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सनातनी रक्षा दल द्वारा रविवार को निधि पब्लिक स्कूल में आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक जयदेव और राकेश शर्मा ने अपहरण व चाकू से हमला होने पर बचाव के गुर बच्चों, महिलाओं को सिखाए। रक्षा दल अध्यक्ष नगेंद्र लाकड़ा, प्रवक्ता अश्वनी कुमार ने सनातन धर्म सनातन संस्कृति के विषय में अवगत कराया। साथ ही ये समझाया कि आज के हालातों में सेल्फ डिफेंस क्यों आवयश्यक है। नरेश राठी ने बच्चों और अभिभावकों से निवेदन किया कि अपने आसपास की संदिग्ध गतिविधियों को नजरंदाज न करें। जरुरत होने पर पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं।

अश्वनी कुमार ने बताया कि हमारा प्रयास है कि हमारी भविष्य की धरोहर सुरक्षित रहे। हमारे समाज को जागरुक होकर सनातन संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने का प्रयास निरंतर होना चाहिए।

# कब्जे की नीयत से तोड़ दिया मकान

## मकान मालिक ने केस दर्ज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ पुलिस 112 पर कॉल की तो धमकी देकर चंपत हो गए

कब्जे की नीयत से एक मकान तोड़े जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने ही परिचित कुछ लोगों पर मकान तोड़ने और धमकी देने का आरोप लगाया है। जांच के बाद मामले की तस्वीर साफ हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामला गांव बालोर का है। दिल्ली के निवासी कृष्ण का कहना है कि बालोर में उनका पुश्तैनी मकान है। शनिवार को हमें सूचना मिली कि कुछ लोग हमारे मकान को तोड़ रहे हैं। फिर मैं और पत्नी वहां गए। देखा तो परिवार में लगे चार लोग कब्जे की नीयत से मकान तुड़वा रहे थे। देखते ही देखते हमारा पूरा मकान तोड़ दिया गया। उसमें हमारा घरेलू सामान भी था। जब मेरी पत्नी ने उनको रोकना चाहा तो जान से मारने की धमकी दी। फिर हमने पुलिस 112 पर कॉल की तो वे धमकी देकर चंपत हो गए। वहीं, सदर पुलिस का कहना है कि संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## पानीपत में हुई सब जूनियर गर्ल्स कबड्डी चैंपियनशिप

# तीसरे स्थान पर रही झज्जर की कबड्डी टीम

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

■ जिला कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान आदि ने विजेता टीम को बधाई दी

पानीपत में हुई हरियाणा राज्य सब जूनियर गर्ल्स कबड्डी चैंपियनशिप में झज्जर की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। दीया, दीक्षा, निकिता जितेंद्र, रिद्धी, मुस्कान, निधि, अंजलि, भावना, निशा, अंशी, निकिता रवि व हिमांशी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। लड़कियों की टीम की जीत पर कबड्डी कोच दीपक ने कहा कि झज्जर जिले के उभरते खिलाड़ी लगातार बेहतरी प्रदर्शन कर रहे हैं।

बता दें कि एमैच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा द्वारा 18 व 19 मई को पानीपत के गांव अटावला में हरियाणा राज्य सब जूनियर गर्ल्स कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

इसमें झज्जर जिले की टीम तीसरे स्थान पर रही। जिला कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप गुलिया, सचिव श्वेता देशवाल, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र देसवाल, अनिल देशवाल, उमेद, शेरा पहलवान, रवि, सुंदर देशवाल, ज्योति कोच, सुरेंद्र नाडा, कोच दीपक देशवाल, रवींद्र तहलान, रिंकू मातन और संदीप दूबलधन आदि ने विजेता टीम को बधाई दी है।



बहादुरगढ़। कैथल में तीसरे नंबर पर रही झज्जर की टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# जोहड़ छंटाई व खेल मैदान के लिए दिए साढ़े 3 लाख

## शिव शक्ति युवा संगठन ने ग्राउंड में लेवलिंग का काम शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ सदस्यों से रुपए संग्रह करके ग्राम पंचायत को सौंपे गए

गांव डाबोदा कलां के शिव शक्ति युवा संगठन के सदस्यों ने गांव में जोहड़ छांटने और खेल मैदानों में मिट्टी डालने के लिए ग्राम पंचायत को 3 लाख 51 हजार रुपए का सहयोग किया। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राउंड में मिट्टी डलवाने के बाद शिव शक्ति युवा संगठन द्वारा ग्राउंड में लेवलिंग का काम शुरू कर दिया गया है।

क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल के शेर 'बहादुर कब किसी का आसरा-अहसान लेते हैं, वही कर गुजरते हैं जो मन में ठान लेते हैं' को गांव डाबोदा कलां के शिव शक्ति युवा संगठन ने सही शब्दों में चरितार्थ किया है। बता दें कि गांव डाबोदा कलां में संगठन द्वारा गांव की करीब साढ़े 14 एकड़ भूमि पर करीब 5 हजार पौधे लगाए गए हैं। संगठन के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर इस भूमि को हरा-भरा बनाने में जमकर पसीना बहाया है। अब इसे विकसित करने के लिए संगठन में जमा पूंजी से 2 लाख 11 हजार रुपए तथा एक लाख 40 हजार रुपए सदस्यों से संग्रह करके ग्राम पंचायत को सौंपे गए हैं। ताकि गांव में बहुत जल्दी बेहतरीन ग्राउंड युवाओं के खेलने के लिए तैयार हो सके।



बहादुरगढ़। ग्राम पंचायत को सहायता राशि सौंपते संगठन के सदस्य।

## खबर संक्षेप

### नाईवाली चौक सब्जी मंडी से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** नाईवाली चौक सब्जी मंडी से चोर एक बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर निवासी सुनील पंडित ने बताया कि वह हंसनगर में रहता है। वह बाइक लेकर नाईवाली चौक सब्जी मंडी से सब्जी खरीदने के लिए गया था। बाइक खड़ी करने के बाद वह सब्जी खरीदने के लिए चला गया। चंद मिनट बाद वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बस स्टैंड के पीछे शराब बेचते एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने बस स्टैंड के पीछे अवैध शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध शराब बेचने की सूचना के बाद मौके पर छापा मारा तो रामजस नगर में रहने वाले गोठड़ा टप्पा डहीना निवासी दिनेश शराब बेच रहा था। उसके कब्जे से 44 पव्वे शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को शराब के साथ गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### एक्साइज एक्ट के तहत दूसरा आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 17 मई को अर्जुन नगर निवासी संदीप को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ के बाद दिनेश सैनी की भी इस मामले में संलिप्तता पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### युवक के साथ मारपीट करने का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** रामपुरा रोड पर मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए गए युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### गुर्जर धर्मशाला के नजदीक जमीन का मामला

# सामाजिक पंचायत में लोगों ने की जमीन को यथावत रखने की गुजारिश

- पंचायत में 36 बिरादरी के लोगों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर की गुर्जर धर्मशाला के नजदीक लगती जमीन मामले में रविवार को गुर्जर धर्मशाला में सामाजिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में 36 बिरादरी के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान जमीन पर मालिकाना हक जताने वाले परिवार के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया। इस सामाजिक पंचायत में मौजूद मौजिज लोगों ने जमीन के मालिकाना हक जताने वाले सुभाष दीवान, आजाद दीवान व काले सोनी के समक्ष संबंधित जमीन का सार्वजनिक महत्व बताते हुए उसे दान स्वरूप आमजन के प्रयोग के लिए उसी स्थिति में छोड़ने की बात कही। इस मौके पर पूर्व पार्षद गुल्लू गुर्जर, सूरत सिंह सैनी, पार्षद हन्नी शर्मा, मांगेराम कायत, कंवर सिंह, जागेराम नंबरदार, संजय, मोनू गुर्जर, मांगे सैनी, मदन सिंह, मुकेश वाल्मीकि, नरेश शर्मा, डॉक्टर नरेश मार्शल, राजेश कायत, धन्जंय सेन, प्रवीण यादव, अनिल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। गुर्जर धर्मशाला में पंचायत के दौरान सामाजिक लोग। फोटो :हरिभूमि

#### कई दशकों पहले बनाई गई थी पशुओं के लिए खेल

सामाजिक पंचायत के दौरान मौजिज लोगों में शामिल रामकिशन गुर्जर, छज्जूराम गुर्जर, टेकचंद गुर्जर, सुभाष गुर्जर, राव दलपत आदि ने कहा कि उन्होंने जबसे होश संभाला है वे इस जमीन पर पशुओं के पानी पीने के लिए बनाई गई खेल देखते आए हैं जहां आस-पास के क्षेत्र के अलावा सैंकड़ों बेसहारा पशु आकर पानी पीते हैं। इसके अलावा यहां कई दशकों से होलिका दहन किया जाता है। होली पर्व वाले दिन शहर के विभिन्न मोहल्लों से लोग यहां होली पूजन के लिए आते हैं यहां बनाई जाने वाली होली भी शहर की सबसे बड़ी होलियों में शामिल हैं। इसलिए वे चाहते हैं कि यह जमीन यथास्थिति में रहे ताकि आमजन को किसी परेशानी का सामना करना न पडे। उन्होंने निचली अदालत में केस जीतने वाले जमीन के मालिकों से आग्रह किया वे सार्वजनिक रूप से इस्तेमाल में लाई जा रही इस जमीन को यथावत रहने दें।

#### डीसी से मिलने का लिया निर्णय

पंचायत के दौरान चली लंबी बातचीत के बाद जमीन के सार्वजनिक महत्व को देखते हुए आजाद दीवान व सुभाष दीवान की मौजूदगी में संबंधित लोगों द्वारा जमीन को फिलहाल यथास्थिति में छोड़ने की बात पर सहमति बनाई। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि वे इस संबंध में सोमवार को डीसी से मिलेंगे तथा उन्हें सार्वजनिक उपयोग में लाई जाने वाली इस जमीन की महत्ता से अवगत कराएंगे। **यह था मामला :** दरअसल शहर निवासी मनोज दीवान वर्सेज स्टेट के नाम से एक मुकद्मा बीकानेर चौक के नजदीक स्थित खसरा नंबर 942 के मामले में वर्ष 2013 चला आ रहा था। अब निचली अदालत द्वारा फैसला मनोज दीवान के हक में देते हुए उन्हें संबंधित जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए भी आदेश जारी किए गए थे। कब्जा दिलाने के संबंध में 28 मई तक कोर्ट में रिपोर्ट भी पेश करने की बात कही गई है। शनिवार को जब मालिकाना हक जताने वाले परिवार के सदस्य जब कोर्ट से आए अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो धर्मशाला से जुडे प्रतिनिधियों व अन्य मौजिज लोगों द्वारा पशुओं के लिए बनाई गई सार्वजनिक खेल को तोड़ने से मना करते हुए दो-दिन का समय मांगा था।

# जरुरतमंद दिव्यांग को दी व्हीलचेयर



झज्जर। जरुरतमंद दिव्यांग को व्हीलचेयर प्रदान करते हुए ट्रस्ट सदस्य।

- धर्मशाला में राहगीरों के लिए जलसेवा व भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अंगूरी बलवंत सैनी मैमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट के नव निर्मित भवन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुरुग्राम के चेतना पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सुमनलता सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मानव को सभी जीवों के प्रति करुणाभाव रखना चाहिए तथा प्रभु प्राप्ति को लक्ष्य बनाते हुए भजन कीर्तन को भी समर्पित रहना चाहिए। ट्रस्ट के चेयरमैन डॉक्टर रणबीर सिंह सैनी व उपाध्यक्ष रूपेश सिंह सैनी ने बताया कि इस मौके पर जहां ट्रस्ट की ओर से एक दिव्यांग बालक को व्हील चेयर प्रदान की गई वहीं सीताराम गेट के नजदीक स्थित सैनी धर्मशाला में राहगीरों के लिए जलसेवा व भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया।

### मतदान दिवस छुट्टी नहीं, लोकतंत्र के प्रति कर्तव्य निभाने का दिन

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन शक्ति ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के छठे चरण के अंतर्गत प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस छुट्टी नहीं, लोकतंत्र के प्रति कर्तव्य निभाने का दिन है। चुनाव आयोग ने कई ऑनलाइन सर्विस लॉन्च की हैं जिनके जरिये मतदाता सूची में नाम व पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1950 पर फोन करके भी मतदाता पोलिंग बूथ व मतदाता सूची के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बीस युवाओं ने किया रक्तदान

- रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महान क्रांतिकारी बिपिनचन्द्र पाल के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छारा गांव में लगाए गए इस शिविर में बीस यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस दौरान मुख्यातिथि दीपक दलाल ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बिपिन चन्द्र पाल एक महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने द डेमोक्रेट और द इंडिपेंडेंट पत्रिकाओं के संपादन के माध्यम से देश में राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का काम किया। रक्त संचय करने का कार्य वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर के डॉक्टर आरबी जैन की टीम ने किया। इस मौके पर डॉक्टर सुमिता, तान्या, अनुराग, गंगा, संदीप सहित अन्य मौजूद रहे।



झज्जर। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

# ऑप्रेशन आक्रमण के तहत 59 टीमों का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए ऑप्रेशन आक्रमण चलाया गया। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि अभियान के तहत 59 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 263 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने औचक कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांटेड 33 आरोपियों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान गांव सुलौधा में पुलिसकर्मी की पीट-पीटकर हत्या करने मामले में एक आरोपी को पकड़ा गया है। जबकि अवैध देशी शराब की 30 पेटी व 11 बोतल सहित दो आरोपियों को, सात ग्राम बीस मिलीग्राम नशीला पदार्थ स्मैक सहित एक आरोपी को और अवैध हथियार सहित एक आरोपी को पड़ा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा विभिन्न मामलों में छह पीओ, 12 बेलजंपरों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई अमल में लाई गई है।



झज्जर। आप्रेशन आक्रमण के दौरान छानबीन करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

- विभिन्न मामलों में 33 आरोपियों को पकड़ा

# शिक्षक को बंधक बनाकर पीटने का केस दर्ज

- निजी स्कूल निदेशक प्रिंसिपल, चौकीदार सहित छह आरोपियों पर हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक ट्यूशन सेंटर चलाने वाले शिक्षक ने निजी स्कूल के निदेशक, प्रिंसिपल पर बंधक बनाकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला सेलरी/रुपये से जुड़ा बताया जा रहा है। असल वजह अभी तफ्तीश का विषय है। फिलहाल शिकायत के आधार पर सेक्टर-6 पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामला पटेल नगर स्थित एक निजी स्कूल का है और शिकायतकर्ता भी पहले इस स्कूल में बॉयोलाजी टीचर रह चुका है। महावीर पार्क के निवासी भूपेंद्र का कहना है कि सेक्टर-7 में उसका कोचिंग सेंटर है। शनिवार को वह अपने दो दोस्त हर्षित और पायस के साथ गोशाला गया था। वापसी के वक्त उस स्कूल के बाहर रुक गया, जहां पहले पढ़ाता था। उसने जब अंदर जाकर डायरेक्टर से बकाया सेलरी की बात की तो उसने थप्पड़ मारा और गालियां देने लगा। वह और उसके कर्मचारी मुझे घसीटते हुए अंदर ले गए। मेरे साथी छुड़वाने लगे तो उन पर भी हमला कर दिया। बंधक बनाकर हमें पीटा गया। इस वारदात में डायरेक्टर के अलावा उसका भाई, प्रिंसिपल, क्लर्क, चौकीदार आदि भी शामिल थे। दरअसल, स्कूल का निदेशक मेरे साथ गलत व्यवहार करता था। इसलिए ही उस स्कूल से नौकरी छोड़ी थी।

अब अपनी मेहनत की सेलरी मांगने पर मारपीट की गई है। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो महिलाओं समेत कुल छह लोगों पर नामजद केस दर्ज कर लिया है। जांच शुरू कर दी गई है। देखने वाली बात है कि मामले में क्या सच्चाई निकलकर सामने आ पाती है।

### स्मैक सहित एक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने नशीले पदार्थ सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकुर के रूप में हुई है। लाइनपार का रहने वाला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह नशीला पदार्थ बेचता है और फिलहाल डिग्गी वाला रोड पर इसी मंशा से खड़ा है। इस आधार पर एएनसी टीम वहां गई और उसे काबू किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास 7.20 ग्राम स्मैक पाई गई। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है।

# चोरी के बाद सामने से निकल गए चोर, पीछा करने की बजाय सूचना देने तक सीमित रही पुलिस

- डहीना बस स्टैंड पर चोरों ने दिया वारदात को अंजाम
- पुलिस के सामने ही आसानी से भागने में हुए कामयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डहीना बस स्टैंड पर बीते शुक्रवार देर रात चोर एक दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस की आंखों के सामने भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने पीछा करने या चोरों को पकड़ने का प्रयास करने की बजाय दुकानदार को चोरी की सूचना देकर पल्ला झाड़ लिया। भागने के बाद भी पुलिस ने नाकेबंदी कराकर चोरों को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया, जिससे पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। डहीना निवासी सुनील कुमार की एचडीएफसी बैंक के पास बैट्री-इन्वर्टर की दुकान है। रात को 1 बजकर 5 मिनट पर डहीना पुलिस चौकी स्टाफ ने उसे फोन पर बताया कि उसकी दुकान में चोरी हो गई है। वह अपने भाई को लेकर दुकान पर पहुंचा, तो पुलिस मौके पर मौजूद थी। चोर दुकान के शटर का ताला काटने के बाद शीशा तोड़कर चार नई व तीन पुरानी बैट्री चोरी कर ले गए। चोर उसके गल्ले में 1700 रुपये भी ले गए। चोरी की यह वारदात पुलिस की आंखों के सामने हो गई, लेकिन पुलिस ने चोरों का पीछा तक नहीं किया। दुकानदार को फोन पर सूचना देने के बाद पुलिस वहां खड़ी सुनील के आने का इंतजार करती रही। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

#### सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई वारदात

दुकान के पास ही एचडीएफसी बैंक के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। सुनील के भाई इंद्रजीत ने बताया कि उसने जब बैंक की फुटेज चेक की, तो उसमें पहले एक कार कनीना की ओर से 12:38 बजे बैंक के सामने आकर रुकी। दो मिनट बाद कार रेवाड़ी की ओर निकल गई। 12:45 बजे कार एक बार फिर वहां आई। उसमें तीन लोग नजर आए, जिनमें से दो कार से उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

#### सवालों के घेरे में पुलिस की कार्यशैली

जिले में चोरी की बढ़ती वारदातों के बीच पुलिस का चोरों को देखने के बावजूद पीछा नहीं करना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है। पुलिस का मानना है कि चोर कंवाली रोड से होते हुए भागे हैं। ऐसे में अगर समय पर नाकेबंदी की जाती, तो चोरों को काबू किया जा सकता था, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। इंद्रजीत ने दावा किया कि चोर पुलिस के सामने ही भागे हैं, परंतु उन्हें पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया गया। अब सांप निकलने के बाद पुलिस जांच के नाम पर लकीर पीट रही है।

#### चौकी प्रभारी ने फुटेज को झुठलाया

डहीना पुलिस चौकी प्रभारी सचिन कुमार ने दावा किया पुलिस के पहुंचने से पहले ही चोर फरार होने में कामयाब हो गए थे, जबकि फुटेज में चोरों और पुलिस दोनों की गाड़ियां दिखाई दे रही हैं। चौकी प्रभारी का कहना है कि फुटेज के आधार पर गाड़ी व चोरों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करने वाले स्कूल को मिलेगा 25 हजार का विशेष पुरस्कार

**झज्जर।** आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा की ओर से सकारात्मक पहल की गई है। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट डालने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 25 सौ रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि सेल्फी अपलोड करने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.सीईओहरयाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर एक लिंक बनाया गया है, जो कि मतदान के दिन 25 मई को खुलेगा।



### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज शहर में ड्रोन व पैरामोटर उड़ाने पर लगाई रोक

**झज्जर।** सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे है। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने कहा कि जिले में सुबह छह बजे से अगले 14 घंटे तक ड्रोन व पैरामोटर उड़ाने पर अस्थाई रेड जोन घोषित करते हुए पाबंदी लगाई गई है। इस संबंध में जिले के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों व अपराध अन्वेषण टीमों को निर्देश दिए गए है, जो पूरे जिले में ड्रोन, ग्लाइडर व अन्य संदिग्ध गतिविधियों में नजर रखेंगे। आदेशों की अवेहलना करने वाले व्यक्ति पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कर्मियों और अन्य सरकारी अधिकारियों को उनकी ड्यूटी से संबंधित कामों के लिए जरूरी होने पर ड्रोन उड़ाने की शर्तों सहित अनुमति होगी।

### शिक्षण संस्थान में छात्रों में जमकर हुई मारपीट, मचा बवाल

**झज्जर।** शनिवार देर रात क्षेत्र के गांव कबलाना स्थित एक शिक्षण संस्थान में छात्रों में जमकर मारपीट हुई। ज्यादा बवाल होने पर सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्यवाई करते हुए पुलिस की तीन गाड़ियां कैंपस में पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए मामले को शांत करवाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि मूलरूप से बिहार के एक विद्यार्थी के साथ मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। जिसके कारण बात इतनी बढ़ी की मारपीट तक पहुंच गई और पुलिस को बुलाना पड़ा। उधर, संस्थान प्रबंधन की ओर से आठ विद्यार्थियों को सस्पेंड करने की बात सामने आई है। हालांकि अभी तक पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस व संस्थान प्रबंधन के स्तर पर मामले की जांच की जा रही है। सदर थाना प्रभारी कृष्ण कांत ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



झज्जर। घटना के बाद शिक्षण संस्थान में एकत्रित छात्र और खड़ी पुलिस की गाड़ियां। फोटो :हरिभूमि

श्रीश्याम महोत्सव | मनभरी देवी ट्रस्ट परसा वाली चक्की में श्रीश्याम महोत्सव का आयोजन

# देवों में देव हजारों हैं, बजरंग बली तेरा क्या कहना..

- संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार में दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

श्रीश्याम दीवाने मित्र मंडल की ओर से मनभरी देवी ट्रस्ट परसा वाली चक्की में श्रीश्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। प्राचीन खाटू श्याम मंदिर के पुजारी विनय तिवारी ने मंत्रोचारण से आयोजन समिति के सदस्यों ने विधिवत पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार में दर्शन किए। समिति प्रधान विशु गर्ग ने बताया कि गणेश पूजन से आरंभ हुए संकीर्तन में रोहित पुजारी सालासर धाम, रिंकल पुजारी चुलकाना धाम के सानिध्य में आदित्य गोयल पटियाला, प्रकाश मिश्रा कोलकाता, शिवम अग्रवाल रेवाड़ी, अमित म्यूजिकल ग्रुप रेवाड़ी, कृष्णा अग्निहोत्री दिल्ली व सतीश एवं टोनी कलाकारों द्वारा एक के बाद एक श्याम भजनों की प्रस्तुति देते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। श्याम महोत्सव में भजन गायक शिवम् अग्रवाल ने दुनिया में देव हजारों है, बजरंग बली तेरा क्या कहना, इनकी शक्ति का क्या कहना, इनकी भक्ति का क्या कहना.., पटियाला से भजन गायक आदित्य गोयल ने श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा.., कीजो केसरी के लाल, मेरा छोटा सा ये काम मेरी रामजी से कह देना राम राम.., सांवली सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया.., कोलकाता से अमित मिश्रा ने मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे राम आयेंगे.. साँवरे की महफिल को, सांवरा सजाता है,किस्मत वालो के,घर में श्याम आता हैं..कृष्णा अग्निहोत्री ने दीवाना बना दिया हमें मस्तना बना दिया..भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।



झज्जर। श्रीश्याम महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# पुलिस कर्मियों ने वाहनों पर बैनर लगाकर दिया मत का प्रयोग करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी लोकसभा चुनाव में सौ फीसद मतदान को लेकर जिला यातायात पुलिस द्वारा वाहनों पर बैनर लगाकर अपने मत का प्रयोग करने का संदेश दिया। यातायात प्रभारी नरेश सिंधु ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा वाहनों पर मतदाता जागरूकता बैनर लगाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया है।



झज्जर। वाहनों पर जागरूकता बैनर लगाते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### याकूबपुर में बुजुर्ग ने फंदा लगाकर दी जान

**झज्जर।** जिले के गांव याकूबपुर में मानसिक रूप से परेशान एक बुजुर्ग ने घर के पास स्थित एक निमार्णाधीन मकान में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल से आवश्यक सबूत जुटाए। मृतक की पहचान करीब 71 वर्षीय राजपाल के तौर पर हुई है। राजपाल प्रायः घर पर ही रहता था। उसके दो पुत्र व चार पुत्रियां है। मृतक के पौते नवीन के बयान पर फिलहाल इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### मालवा एक्सप्रेस ट्रेन से मोबाइल चोरी

**बहादुरगढ़।** मालवा एक्सप्रेस गाड़ी में किसी शातिर ने एक व्यक्ति का मोबाइल चुरा लिया। वारदात पंजाब के निवासी हरप्रीत के साथ हुई है। हरप्रीत का कहना है कि वह मालवा एक्सप्रेस में सवार होकर लुधियाना से ललितपुर रेलवे स्टेशन जा रहा था। जब गाड़ी बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो किसी ने मेरा मोबाइल चुरा लिया। आसपास तलाश और लोगों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस शिकायत पर जीआरपी ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

# गर्मी के तेवर तल्ख, सड़कें रही सुनसान तापमान पहुंचा 43 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दिन-प्रतिदिन गर्मी के तेवर तल्ख होते जा रहे है। जिसके कारण लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को भी गर्मी ने अपना खूब रंग दिखाया। सुबह आठ बजे से ही सूर्य देव के तेवर तल्ख दिखाई दिए। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया वैसे-वैसे तापमान में भी बढ़ोतरी होती रही। दोपहर बाद तक तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में ही दूबकने पर मजबूर कर दिया। स्थिति यह रही है कि दोपहर के समय शहर के मुख्य चौक चौराहों पर भी सन्नाटा पसरा रहा और सड़कें सुनसान दिखाई दी। रविवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान लगा रहे है।

***गर्मी से बचने के लिए जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी:*** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि आमजन के लिए सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस ,घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।






**झज्जर।** गर्मी के कारण सुनसान पड़ी सड़क व शहर के कानूनगो मोहल्ले में नया ट्रांसफार्मर रखते हुए बिजली निगम कर्मी। फोटो: हरिभूमि

#### हरियाणा शिक्षा निदेशालय के निर्देशों का सख्ती से करें पालन

डीसी ने बताया कि भीषण गर्मी के मद्देनजर हरियाणा शिक्षा निदेशालय की ओर से राजकीय व निजी स्कूलों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए है कि सभी स्कूल संचालक हरियाणा शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी किए गए निर्धारित निर्देशों की सख्ती से पालना करना सुनिश्चित करें।

#### जानवरों का लू से कैसे करें बचाव

डीसी ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें।

#### बिजली के अघोषित कटों से बढ़ रही परेशानी

तापमान में वृद्धि के साथ-साथ बिजली के लग रहे अघोषित कटों ने शहरवासियों को खूब परेशान किया हुआ है। बीते दो दिनों से स्थिति यह रही कि बिजली नहीं होने के कारण लोग रात को सो भी नहीं पाए। रातभर लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे। हालांकि रविवार को बिजली आपूर्ति अधिकांश क्षेत्रों में अन्य दिनों की अपेक्षा सुचारू रही। जिसके कारण लोगों को राहत मिली।

## चुनाव में भी झटका दे सकती है बिजली कटौती

- एक तरफ गर्मी ने पसीना निकाला तो दूसरी तरफ बत्ती गुल होने से बढ़ रही मतदाताओं की नाराजगी

**बहादुरगढ़।** पांच दिन बाद लोकसभा चुनाव होने है और बहादुरगढ़ शहर समेत कई क्षेत्रों में बिजली कटौती के नाम पर घंटों लोग परेशान हो रहे हैं। चुनावी मौसम में यह बिजली कटौती सत्ताधारी दल को भारी भी पड़ सकती है। तमाम प्रयासों के बावजूद भीषण गर्मी में बत्ती गुल होने से लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि शहर के तमाम इलाकों में बार-बार बिजली गुल हो रही है। सरकार को तुरंत व्यवस्था सुधारनी चाहिए। जी हां, 25 मई को लोग सांसद चुनने के लिए मतदान करेंगे। लेकिन बीते कुछ दिनों से बिजली कटौती चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है। गर्मी बढ़ने से बहादुरगढ़ क्षेत्र में अघोषित कट से लोग परेशान हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि बिजली आपूर्ति जनता की मौलिक आवश्यकता बन गई है, लेकिन गर्मी में बिजली की मांग बढ़ते ही बिजली का आधारभूत ढांचा चरमराने लगता है। चुनावी शोरगुल के बीच बिजली आपूर्ति ठप होने लगी है। हालांकि यूएचवीबीएन अधिकारियों का दावा है कि निर्माणाधीन बिजलीघरों का कार्य पूरा होने के बाद शहर में ओवरलोडिंग खत्म हो जाएगी, लेकिन फिलवक्त बिजली की मांग बढ़ने से किसी इलाके में ट्रांसफार्मर फुंक रहा है, तो कहीं पर ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ते रहते हैं। रविवार को धर्मपुरा में कई घंटों तक लाइट गुल रही। कबाड़ी मार्केट में भी मेन लाइन बदलने के चलते कई घंटे तक आपूर्ति ठप रही। कई इलाकों में रात के समय बिजली लाइनों के तार टूटने से भी बिजली कटौती की समस्या पैदा हुई। लोगों का आरोप है कि फाल्ट ठीक करने के लिए कर्मचारियों का अभाव है। धर्मपुरा निवासी नवीन, काजल, लक्की, सुनीता आदि ने बताया कि दिन-रात बिजली की आंख-मिचौली जारी रहती है। यह समस्या पिछले काफी समय से है। इसमें बदलाव आना चाहिए। बिजली निगम को यहां ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने चाहिएं।



**बहादुरगढ़।** नजफगढ़ रोड पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजलीकर्मी। फोटो: हरिभूमि

## दीपेंद्र के लिए वोट मांगने पहुंची पत्नी श्वेता हुड्डा

- कांग्रेस सरकार बनने पर खत्म होगी अग्निवीर योजना: श्वेता
- कांग्रेस महिलाओं को देगी एक लाख रुपये सालाना की आर्थिक मदद: श्वेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



रोहतक से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए वोट मांगने पहुंची उनकी पत्नी श्वेता हुड्डा ने सोमवार को कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया। विधायक गीता भुक्कल भी उनके साथ रहीं। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने श्वेता हुड्डा से मुलाकात की। महिलाओं ने अग्निवीर योजना को लेकर भारी रोष जताया। श्वेता ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनने पर इस योजना को खत्म किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को लगभग साढ़े 8 हजार रुपये महीना, यानी 1 लाख सालाना आर्थिक मदद दी जाएगी। महंगाई से राहत देने के लिए ग्रहणियों को रसोई गैस सिलेंडर 500 में मिलेगा। गीता भुक्कल ने लोगों से आह्वान किया कि इस बार संविधान और अपने बच्चों का भविष्य बचाने के लिए कांग्रेस को वोट दें। बीजेपी युवाओं को जाति-धर्म की राजनीति में झोंकना चाहती है। साजिश के तहत उन्हें बेरोजगार बनाया जा रहा है। बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के लिए बीजेपी सरकारी स्कूलों को बंद और शिक्षा को महंगी कर रही है।

बीजेपी को बखूबी पता है कि बेरोजगार और अनपढ़ लोग ही उसकी जाति धर्म वाली राजनीति का शिकार बनेंगे। रोहतक की जागरूक जनता इस साजिश का शिकार नहीं बनेगी और वो अपना एक-एक वोट दीपेंद्र हुड्डा को देगी।

## नूना माजरा में दिन-दहाड़े मकान से आभूषण व नकदी ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में चोरों ने दिन दहाड़े एक बंद मकान को निशाना बनाया। ताला तोड़कर मकान में घुसे और आभूषणों सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। परिवार के सदस्य शाम को घर आए तो वारदात का पता चला। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात वीरेंद्र के मकान में हुई है। वीरेंद्र का कहना है कि वह पेशे से ड्राइवर है। सप्ताहभर से उसकी पत्नी मायके गई हुई थी और 17 मई की सुबह मैं गाड़ी लेकर फरीदाबाद चला गया। पीछे से मकान में कोई नहीं था, ताला लगाया गया था। इसी दौरान किसी ने मकान को निशाना बना लिया। जब शाम करीब छह बजे घर आया तो गेट पर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर देखा तो सारा सामान अस्त-व्यस्त था। जांच करने पर अलमारी से सोने की अंगूठी, बालियां, दो कड़े, 250 ग्राम चांदी और सात हजार रुपये की नकदी गायब थी। पुलिस को सूचना दी। उधर, सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वीरेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। गांव में सीसीटीवी फुटेज चेक की जाएगी। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।



## हुड्डा ने 10 साल चौधर के नाम पर किया विश्वासघात भाजपा ने किया चहुंमुखी विकास : डॉ. अरविंद शर्मा

**रोहतक।** भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान लोकसभा क्षेत्र के लोगों का जो जनसमर्थन मिल रहा है, उसका ताउम्र ऋणी रहूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दस साल तक चौधर के नाम लोगों के साथ विश्वास घात किया। सांसद ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के लिए कई बडे प्रोजैक्ट पाइप लाइन में हैं, जोकि चार जून के बाद उनकी शुरुआत हो जाएगी। रविवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा शहर के कई जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया, इस दौरान उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ व लूट की राजनीति की है और इसी के चलते उन्हें सबक सिखाया है। सांसद ने कहा कि आज हरियाणा मोदी मय है और प्रधानमंत्री मोदी की आंधी के सामने कांग्रेस कही पर भी नहीं टिक पाएगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा कमल खिलाएंगी और प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार शपथ लेगे।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने साढे नौ साल के शासनकाल के दौरान वे ऐतिहासिक कार्य किए है जो कांग्रेस सपने में नहीं सोच सकती है। कांग्रेस शासनकाल के दौरान तो इतना भ्रष्टाचार था कि हर रोज नया घोटाला सामने आता था। भाजपा शासनकाल के दौरान पारदर्शिता तरीके से लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है, चाहे किसान सम्मान निधि हो या फिर मुआवजे की बात हो। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर समय किसानों के साथ खड़ी रही है।



***मोदी व भाजपा के रहते 370 का सपना देखना छोड़ दे कांग्रेस, कश्मीर में अब सिर्फ तिरंगा ही लहराएंगा:*** प्रधानमंत्री मोदी के साथ गोहाना की महाविजय संकल्प रैली का मंच सांझा करने से उत्साहित भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा ने कहा कि जब तक भाजपा व मोदी है, तब तक कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 वापस लगाने का सपना देखना छोड़ दे। मोदी ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में शनिवार को गोहाना व अंबाला में रैली की थी।



## जेएलएन में नहाने गया युवक डूबा, पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार दोपहर बाद क्षेत्र के गांव एमपी माजरा से बाकरा हैड जेलएलएन में नहाने के लिए अपने दोस्तों के साथ गया युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। परिजनों को पता चलने पर सूचना पुलिस को दी गई। कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से युवक को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं हुई। बताया जा रहा है कि बाद में ग्रामीणों ने डीसी से मुलाकात करते हुए जेएलएन को बंद करवाने की बात कही। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा भोंडसी ग्रुरूग्राम से गोताखोर बुलाए गए है। युवक की पहचान सूर्यदीप पुत्र राजा निवासी एमपी माजरा के तौर पर की गई है।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

## विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मातनहेल में अज्ञात कारणों से एक विवाहिता ने अपने मकान में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों को जब पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। बाद में एफएसएल टीम ने भी घटना स्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मृतका की पहचान मातनहेल निवासी करीब 43 वर्षीया मुन्नी देवी पत्नी जितेंद्र सिंह के तौर पर हुई है। मुन्नी देवी का पति जितेंद्र कुमार जहां दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता है वहीं मुन्नी देवी गृहणी थी। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मृतका के पति जितेंद्र सिंह के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

## कंटेनर से टकराई कार, सब इंस्पेक्टर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कसार बाईपास पर खड़े एक कंटेनर से कार टकरा गई। इस हादसे में कार सवार व्यक्ति को काफी चोट आई। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। इस दुर्घटना के लिए घायल ने एक कैंटर चालक को जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत के आधार पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायल की पहचान सुमित के रूप में हुई है। रोहतक के निवासी सुमित का कहना है कि वह मार्केटिंग बोर्ड दिल्ली में सब इंस्पेक्टर है। शाम को ड्यूटी पूरी होने के बाद अपने घर पर जा रहा था। जब कसार बाइपास पर पहुंचा तो वहां कट पर एक कंटेनर दाईं ओर मुड़ने के लिए खड़ा था। कंटेनर को क्रास करने के लिए मैंने अपनी गाड़ी बाईं तरफ मोड़ी तो अचानक सामने से गलत दिशा में एक कंटेनर तेजी से आया। उसे देखकर बचाव के लिए मैंने अपनी गाड़ी दाईं तरफ मोड़ दी। इस दौरान गाड़ी सड़क पर खड़े कंटेनर से टकरा कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और मुझे भी काफी चोट आई। राहगीरों ने गाड़ी से निकालकर मुझे संभाला और अस्पताल ले गए। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। यह हादसा सामने गलत दिशा से आए कैंटर चालक की लापरवाही की वजह से हुआ है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



**बहादुरगढ़।** दुर्घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त गाड़ी को देखते राहगीर। फोटो: हरिभूमि

## महिला के गले से चेन झपट के गए शातिर

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-7 में एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली गई। बाइक सवार दो शातिरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर 7 की निवासी बबीता के साथ हुई है। जानकारी के अनुसार, बबीता रविवार की शाम को मार्केट की तरफ जा रही थी। घर से कुछ दूर पहुंची ही थी कि बाइक सवार दो शातिर उसके नजदीक आए। इसी दौरान पिछली सीट पर बैठे शातिर ने उसके गले से चेन झपट ली। एकाएक हुई इस वारदात से वह दंग रह गई। इसके बाद शोर मचाया और पीछा किया लेकिन शातिर भागने में कायमाब रहे। सूचना पाकर सेक्टर 6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। शातिरों की पहचान के लिए पुलिस वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## पति पर लगाए नगर परिषद प्रधान के हस्ताक्षर करने के आरोप

- इनेलो नेता कपूर राठी ने की राज्यपाल मुख्यमंत्री व विजीलेंस से मामले की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद में होने वाले क्रियाकलापों को लेकर इनेलो ने एक बार फिर भाजपा की चेयरपर्सन को घेरा है। इनेलो नेता कपूर राठी के अनुसार चेयरपर्सन सरोज राठी के हस्ताक्षरों में कोई बड़ा गड़बड़झाला है। नप की मीटिंग पुस्तिका में उनके अलग हस्ताक्षर हैं, जबकि अन्य पत्रों पर उनके हस्ताक्षर अलग हैं। उनके अनुसार प्रधान पति रमेश राठी द्वारा उनके स्थान पर सरकारी पत्राचार में हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। इस पूरे मामले की जांच करवाने के लिए उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री व विजीलेंस से शिकायत की है।

रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कपूर राठी ने बताया कि नगर परिषद में चेयरपर्सन के फर्जी हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। उनका आरोप है कि चेयरपर्सन के पति रमेश राठी द्वारा अनेक सरकारी पत्रों पर स्वयं सरोज राठी के हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। चेयरपर्सन के हस्ताक्षरों में अंतर होने से घोटाले की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि रमेश राठी स्वयं प्रधान के रूप में अनाधिकृत रूप से काम कर रहे हैं। अतीत में कार्यकारी अभियंता भी चेयरपर्सन के पति रमेश राठी के खिलाफ दुर्व्यवहार की लिखित शिकायत दे चुके हैं। कपूर ने आरोप लगाया कि सरोज राठी की जगह उनके पति रमेश राठी ही सारा काम करते हैं और उनके हस्ताक्षर भी करते हैं। उन्होंने ठेकेदारों पर दबाव बनाकर कमीशन बढ़ाने के खेल का खुलासा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक हर 10 दिन में होनी चाहिए। जबकि बहादुरगढ़ नगर परिषद में यह बैठक तीन महीने बाद हुई है। इस कारण से ठेकेदारों के भुगतान में विलंब होता है और उन पर अधिक कमीशन देने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से नगर परिषद में लाखों रुपए का गोलमाल किया जा रहा है। उन्होंने मामले की शिकायत राज्यपाल, मुख्यमंत्री व विजीलेंस को भी कर दी है। इन अलग-अलग हस्ताक्षरों की जांच किसी हैंड राइटिंग एक्सपर्ट से कराई जानी चाहिए, तभी पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। इस अवसर पर पार्षद बिजेंद्र दलाल, मोहित राठी, रमन यादव, प्रदीप सिन्हा, रामनिवास सैनी, अनिल मदान, रतन सिंह मोर, ओमप्रकाश डोरा, सोनू सैनी, प्रमोद कौशिक व सुभाष सैनी आदि मौजूद रहे।




**बहादुरगढ़।** प्रधान के हस्ताक्षरों में भिन्नता के आरोप लगाते कपूर राठी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

#### चेयरपर्सन ने आरोपों को नकारा

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने इनेलो नेता कपूर राठी द्वारा हस्ताक्षरों को लेकर की गई बयानबाजी को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि शहर में हो रहे विकास कार्यों से इनेलो बौखलाई हुई है। उनके अनुसार वे अपने सभी काम स्वयं करती हैं। जबकि ये लोग झूठ बोलकर हमारी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुचाने का असफल प्रयास करते रहते हैं। भाजपा राज में नगर के सभी वार्डों में जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कपूर राठी अभी तक चेयरपर्सन चुनाव में मिली अपनी पत्नी मोनिका राठी की हार को भुला नहीं पाए हैं। इसी बौखलाहट में आए दिन झूठी बयानबाजी कर शहर की जनता को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं।

